समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# "जब तक आईपीएल खेलूंगा, आरसीबी के लिए ही खेलूंगा": आईपीएल जीतने के बाद कोहली का भावुक संदेश।

Publisher
Published on 04 Jun 2025




## 18 साल के लंबे इंतजार के बाद मिली जीत के बाद विराट कोहली हुए भावुक, कहा – "मैनें इस टीम को अपनी जवानी और आत्मा दे दी है।"

**अहमदाबाद : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB)** के कप्तान **विराट कोहली** ने आखिरकार **IPL 2025** में ट्रॉफी जीत ली और इसके साथ ही फैंस का 18 साल का इंतजार खत्म हो गया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद कोहली ने भावुक बयान दिया, जिसने करोड़ों प्रशंसकों के दिल छू लिए।

**फाइनल मैच मे जोश हेजलवुड** की गेंद पर जैसे ही आखिरी विकेट गिरा, कोहली की आंखों से आंसू छलक पड़े। वह मोटेरा की पिच पर झुके और उसे चूम लिया। यह दृश्य हर क्रिकेट प्रेमी के लिए बेहद खास था।

**"मैनें इस टीम को सब कुछ दिया है": कोहली**
जीत के बाद विराट ने कहा, "यह टीम उतनी ही प्रशंसकों की है, जितनी हमारी। 18 साल में मैंने अपनी जवानी, प्राइम और अनुभव सब इस टीम को दिया। हर सीजन में जीतने की कोशिश की और जो भी कर सका, वो किया।"

**कोहली ने अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा को गले लगाया** और फिर मीडियाकर्मियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि यह जीत **अविश्वसनीय अनुभव** है और वे इस पल को जीवन भर याद रखेंगे।

**ABD को नहीं भूले कोहली**
कोहली ने **एबी डिविलियर्स (ABD)** का जिक्र करते हुए कहा, "मैंने उससे कहा कि यह जीत उतनी ही तुम्हारी है जितनी हमारी।

वह भले ही चार साल पहले रिटायर हो गया हो, लेकिन उसका प्रभाव टीम और मुझ पर हमेशा रहा है।"

**"जब तक खेलूंगा, RCB के लिए ही खेलूंगा"**

जब **मैथ्यू हेडन** ने उनसे पूछा कि **IPL** जीतना उनके लिए कितनी अहमियत रखता है, तो कोहली ने साफ शब्दों में कहा, "यह ट्रॉफी मेरे लिए वनडे वर्ल्ड कप, टी20 वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी जितनी ही खास है। मैंने RCB को सब कुछ दिया है। मेरा दिल और आत्मा बेंगलुरु में है। जब तक आईपीएल खेलूंगा, बेंगलुरु के लिए ही खेलूंगा।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.